भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 319

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2022

17 अग्रहायण, 1944 (शक)

देश में पारंपरिक खेल

319 श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कुल कितनें पारंपरिक खेल हैं, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त खेलों के प्रोत्साहन और इन्हें अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहें हैं, उपलब्धि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' की तर्ज पर पारंपरिक खेलों का राज्यवार आयोजन करने का विचार है, यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों को बढ़वा देने और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों की है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । खेलो इंडिया स्कीम का 'ग्रामीण और देशज/ जनजातियों के लिए खेल'' उप घटक देश में ग्रामीण, देशज और जनजातीय खेलों के विकास और उन्हें बढ़ावा देने के लिए है । देशज खेलों जैसे मलखंभ, क्लारिपयाट्टू, गतका, थांग-टा, योगासन और सिलंबम को इस घटक के तहत सहायता प्रदान की गई है। इस घटक के अंतर्गत अवसंरचना विकास, उपकरणों की खरीद, कोचों की नियुक्ति, कोचों का प्रशिक्षण और एथलीटों को छात्रवृत्तियों के लिए अनुदान स्वीकृत किए गए हैं ।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है ।

****